**परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था**

**Atomic Energy Education Society**

**आवधिक परीक्षा/Periodic test 1 (2025-26)**

**विद्यालय/School:______________________ केंद्र/Centre:____________________**

**कक्षा/Class :___________ विषय/Subject:_____________अधिकतम अंक/Maximum Marks : 40**

**दिया गया पाठ्यक्रम/Portion Covered:___________________________________**

**विद्यार्थी का नाम/Name of the Student:________________________________________________**

**अनुक्रमांक/रोल No. _____________ कक्षा/अनुभाग class/sec:__________ दिनांक/date:___________**

---

- सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- इस प्रश्न- पत्र में चार खंड हैं : क, ख, ग, और घ।
- सभी प्रश्नों के उत्तर यथा संभव क्रम से निर्देशानुसार लिखिए।
- लिखावट साफ सुथरी और स्पष्ट हो।

---

## (खंड - क ) अपठित बोध

**प्रश्न 1. दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। [1x5=5 ]**

वातावरण एवं वायुमंडल का दूषित होना प्रदूषण कहलाता है। प्रदूषण की समस्या संपूर्ण विश्व में बड़ी ही तीव्रता से अपना प्रभाव जमा ती जा रही है। प्रदूषण से सबसे ज्यादा नुकसान प्रकृति को हो रहा है। हवा पानी और मिट्टी में आवांछनीय तत्व घुल कर उसे गंदा और दूषित कर रहे हैं। आज समस्त मानव जाति इस समस्या से आतंकित हैं। विश्व का प्रत्येक देश अपने अपने ढंग से इस समस्या के समाधान में संलग्न हैं। प्रदूषण एक ऐसी विकट समस्या है जिसका समुचित समाधान नहीं हो पा रहा है। वैज्ञानिकों का मत है कि समय रहते यदि तत्काल फैल रहे इस प्रदूषण को सही ढंग से नियंत्रित नहीं किया गया तो आगामी दशकों में संपूर्ण धरती किसी भी जीवधारी के रहने योग्य नहीं रहेगी। प्रदूषण का प्रभाव वनस्पतियो पर भी होगा और यह शस्यश्यामला धरती विकृत वनस्पतियो के कारण अपनी संपूर्ण सुंदरता एवं उपादेयता खो देगी।

**1. आज मानव जाति को कौन-सी समस्या भयभीत कर रही है?**

क. वातावरण की समस्या ख. प्रदूषण की समस्या

ग. वायुमंडल की समस्या घ. संपूर्ण विश्व की समस्या

**2. हर देश इस समस्या के लिए क्या कर रहा है?**

क. कोशिश कर रहा है। ख. वार्तालाप कर रहा है।

ग. समाधान के उपाय ढूँढ रहा है। घ. हल खोज लिया है।

**3. इस समस्या के दुष्परिणाम के बारे में असत्य कथन कौन सा है?**

क. पृथ्वी प्राणियों के रहने योग्य नहीं रहेगी

ख. प्राकृतिक आपदाएँ बढ़ जाएंगी

ग. वनस्पतियो को बहुत क्षति पहुँचेगी

घ. पृथ्वी की सुंदरता नष्ट हो जाएगी

**4. धरती का सौंदर्य किन के कारण बना हुआ है?**

क. ऊँचे भवनों के कारण ख. जीवधारियों के कारण

ग. वनस्पतियो के कारण घ. वैज्ञानिकों के कारण

**5. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक हो सकता है?**

क. धरती का सौंदर्य ख. धरती की सुंदरता

ग. विकट समस्या घ. प्रदूषण एक विकट समस्या

**प्रश्न 2. दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। [1x5=5 ]**

फूल से बोली कली 'क्यों व्यस्त मुरझाने में है,
फ़ायदा क्या गंध और' मकरंद बिखराने में है?
तूने अपनी उम्र क्यों वातावरण में घोल दी,
मनमोहक मकरंद की पंखुड़ियाँ क्यों खोल दीं।
तू स्वयं को बाँटता है जिस घड़ी से है खिला,
किंतु इस उपकार के बदले में तुझको क्या मिला?
मुझे देखो मेरी सब खुशबू मुझी में बंद है,
मेरी सुंदरता है अक्षय, अनछुआ मकरंद है।

**1. कली फूल से क्या पूछती है?**

क. तुम इतने सुंदर क्यों हो? ख. क्यों गंध और मकरंद बिखेरने में व्यस्त हो?
ग. तुम मुरझा क्यों नहीं रहे? घ. तुमने मुझे क्यों नहीं देखा?

**2. फूल ने अपनी उम्र किसमें घोल दी है?**

क. मिट्टी में ख. पानी में
ग. वातावरण में घ. हवा में

**3. फूल ने क्या खोला है?**

क. अपनी जड़ें ख.अपने काँटे
ग. अपनी पंखुड़ियाँ और मकरंद घ. अपने बीज

**4. कली की कौन-सी विशेषता है?**

क. वह सबको गंध देती है। ख. उसका मकरंद अनछुआ है।
ग. वह पूरी तरह खिली हुई है। घ.. वह मुरझा गई है।

**5. पद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा।**

क. फूल की ताकत ख. कली का गुस्सा
ग. फूल और कली का संवाद घ. मकरंद की कहानी

## (खंड- ख व्याकरण बोध)

**प्रश्न 3. नीचे दिए गए प्रश्नों के निर्देशानुसार दीजिए। [1x6=6 ]**

**1. ' चमकीला' शब्द में प्रत्यय शब्द है?**

क) इला ख) ईला ग) कीला घ) ला

**2. हर्ष, आश्चर्य, घृणा आदि मनोभावों को प्रकट करने वाले पदों के बाद लगाया जाने वाला चिह्न कहलाता है-**

क) अर्धविराम ख) विस्मयादिबोधक ग) प्रश्नवाचक घ) पूर्ण विराम

**3. "हमने तो तुम्हारे ऊंट को देखा तक नहीं।"वाक्य में 'को' प्रयुक्त कारक है**

क. कर्ता कारक ख. कर्म कारक ग. विस्मयादिबोधक घ. अधिकरण कारक

**4. 'अत्याचार' शब्द में उपसर्ग शब्द है-**

क) इति ख) अति ग) अती घ) उती

**5. 'हिमालय' शब्द में संधि है-**

क) वृद्धि संधि ख) विसर्ग संधि ग) यण संधि घ) दीर्घ संधि

**6. 'महोत्सव' शब्द में संधि है-**

क) वृद्धि संधि ख) गुण संधि ग) यण संधि घ) दीर्घ संधि

## (खंड - ग) पठित बोध

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में दीजिए। [2x5=10]**

1. आखेटक और बच्चे के पिता के बीच तर्क- वितर्क क्यों हुआ था?

2. राजा ने भाइयों की परीक्षा लेने के लिए पेटी का उपयोग किया इस परीक्षा से राजा के व्यक्तित्व और निर्णय शैली के बारे में क्या-क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

3. आप इस लोक कथा के भाइयों की किस विशेषता को अपनाना चाहेंगे और क्यों?

4. पिता ने बेटों को "दूसरे प्रकार का धन" संचित करने की सलाह क्यों दी? इससे पिता के बारे में क्या-क्या पता चलता है?

5. यदि कहानी में आप उपवन में होते तो घायल हंस की सहायता के लिए क्या करते? आप आपके अनुसार न्याय कैसे किया जा सकता था

6. मां ने कहानी सुनाने के बीच में एक प्रश्न पूछ लिया था। क्या कहानी सुनाने के बीच में प्रश्न पूछना सही है? क्यों?

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो मूल्यपरक प्रश्नों के उत्तर विस्तार में दीजिए। [2x2=4 ]**

1. इस पाठ में एक माँ अपने पुत्र को कहानी सुना रही है। आप किस-किस से कहानी सुनते हैं या थे? आप किसको और कौन सी कहानी सुनाते हैं?

2. यदि राजा ने बिना जांच के भाइयों को दोषी ठहरा दिया होता तो लोक कथा का क्या परिणाम होता?

3. तीनों भाइयों ने बिना ऊंट को देख उसके विषय में कैसे बता दिया था?

## (खंड -घ) रचनात्मक लेखन

**प्रश्न 6. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। (5)**

परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने पर छोटे भाई को एक बधाई पत्र लिखिए।

अथवा

पुस्तक विक्रेता से पुस्तके मँगवाने के लिए पत्र लिखिए।

**प्रश्न 7. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150 - 200 शब्दों में अनुच्छद लिखिए। (5)**

खेलकूद का महत्व

अथवा

अनुशासन का महत्व

**********